दिनांक 07.08.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में **Construction of Bihar Bhawan, Mumbai (Engineering Procurement and Construction Basis)** कार्य हेतु आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड अभिलेखों के मूल्यांकन पर विचारार्थ विभागीय निविदा समिति के बैठक की कार्यवाही:-

उपस्थितिः-

1. **श्री प्रणव कुमार,** - अध्यक्ष
   सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
   अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री मनोज कुमार सिंह,** - सदस्य
   मुख्य अभियंता(संरचना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कार्यवाहीः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | - | **Construction of Bihar Bhawan, Mumbai (Engineering Procurement and Construction Basis)** |
| 2. | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹314,20,59,000.00 (भवन निर्माण विभाग, बिहार का पत्रांक 329(भ0) दिनांक 22.01.2026) |
| 3. | योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि | - | EPC आधारित |
| 4. | निविदित राशि | - | ₹240,16,48,100.00 |
| 5. | निविदा आमंत्रण कि तिथि | - | 16.03.2026 |
| 6. | कार्य की अवधि | - | 30(तीस)माह |
| 7. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) करने की प्रारंभ तिथि | - | 10.04.2026 |
| 8. | निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि | - | 29.05.2026 |
| 9. | प्री-बीड बैठक की तिथि, समय एवं स्थान | - | दिनांक 16.04.2026 को मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 21.04.2026 को Office of Investment Commissioner, Department of Industries, Govt. of Bihar, Mumbai. |
| 10. | निविदा टेन्डर आई0डी0, समाचार पत्र एवं दिनांक | - | 128698 एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र, दिनांक 11.03.2026 |
| 11. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | - | 025674(BCD)2025-26 |
| 12. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | - | **(I)** GIRDHARI LAL CONSTRUCTIONS PVT. LTD., 1ST FLOOR DISTT CENTRE MAYUR VIHAR MAYUR PLACE, NOIDA LINK ROAD. EAST DELHI-110091<br>**(II)** NYATI ENGINEERS & CONSULTANTS PVT. LTD., NYATI UNITREE, SURVEY NO.-103/129. YERWADA, PUNE-411006, MAHARASHTRA.<br>**(III)** TRICON INFRA BUILDTECH PVT. LTD., 2S3, INDRAYU MALL, KONARK POORAM, KONDHWA KHURD, PUNE-411048 |

13. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-

विषयांकित कार्य की यह प्रथम निविदा है। विषयांकित कार्य की निविदा में उपरोक्त क्रमांक-12 में अंकित तीन निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। तीनों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 362 अनु0 दिनांक 03.06.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तीनों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों का तकनीकी मूल्यांकन ई-टेन्डर मॉड्यूल में अपलोडेड Bidding Document के आधार पर इस शर्त के साथ की गयी कि तीनों निविदाकार द्वारा समर्पित किये गये कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र को जाँच/सत्यापन में उनका कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र

यदि जाँच/सत्यापन में फर्जी/जाली पाया जाता है, तो संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया गया कि:-

प्रथम निविदाकार **GIRDHARI LAL CONSTRUCTIONS PVT. LTD., 1ST FLOOR DISTT CENTRE MAYUR VIHAR MAYUR PLACE, NOIDA LINK ROAD, EAST DELHI-110091** द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई-निविदा के तहत मांगे गये GST संबंधित प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं पाया गया। आमंत्रित निविदा के Technical eligibility criteria की कंडिका-7(b) के अंतर्गत मांगे गये पिछले पाँच वर्षों के वार्षिक वित्तीय Turnover संबंधी Audited Report संलग्न नहीं पाया गया, जिससे Bidding Capactiy की गणना भी नहीं की जा सकती है। आमंत्रित निविदा के Technical eligibility criteria की कंडिका-7(c)(i) & (ii) के अंतर्गत मांगे गये समान प्रकृति के कार्य अनुभव हेतु समर्पित किये गये कार्य अनुभव प्रमाण पत्र जो कि "(i) Construction/ Rectification of Balance works/ Left out works of Dream Valley, Phase-2 on as is where basis at Plot No. GH-09, Tech Zone -IV, Gr. Noida, (UP), pertains to Amrapali group of companies on Engineering, Procurement and Construction (EPC) Basis" कार्य में Electrical HT & LT works, HVAC/VRF, Lifts, Fire Fighting, Plumbing, WTP, STP, Sewerage कार्य का अनुभव अंकित नहीं पाया गया। आमंत्रित निविदा के Technical eligibility criteria की कंडिका-7(c)(iii) के अंतर्गत मांगे गये परामर्शी हेतु समर्पित किये गये अभिलेख अंतर्गत परामर्शी सत्यवाणी प्रोजेक्ट्स एण्ड कंस्लटेन्ट प्रा0लि0 द्वारा वैध कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं पाया गया। आमंत्रित निविदा के Technical eligibility criteria की कंडिका-7(d) के अंतर्गत मांगे गये Solvency Certificat हेतु समर्पित प्रमाण-पत्र में संख्या में अंकित राशि एवं शब्दों में लिखित राशि में भिन्नता है। आमंत्रित निविदा के Technical eligibility criteria की कंडिका-7(f) के अंतर्गत मांगे गये 25% निवेश संबंधी Self Declaration में अंकित है कि Neither our firm would invest upto 25%, जो कि वांछित अर्हता को पूर्ण नहीं करता है। आमंत्रित निविदा के Technical eligibility criteria की कंडिका-10.1(c) के अंतर्गत मांगे गये Works for which bids already submitted (in Form 'C1') हेतु कोई अभिलेख संलग्न नहीं पाया गया। आमंत्रित निविदा के Technical eligibility criteria की कंडिका-12 के अंतर्गत मांगे गये Construction Plant & Equipment हेतु समर्पित अभिलेख के साथ Invoices संलग्न नहीं पाया गया साथ ही Age of Equipment अंकित नहीं पाया गया। अतः उक्त निविदाकार को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाया।

द्वितीय निविदाकार **NYATI ENGINEERS & CONSULTANTS PVT. LTD., NYATI UNITREE, SURVEY NO.-103/129, YERWADA, PUNE-411006, MAHARASHTRA** द्वारा आमंत्रित निविदा के Technical eligibility criteria की कंडिका-7(c)(i) & (ii) के अंतर्गत मांगे गये समान प्रकृति के कार्य अनुभव हेतु समर्पित किये गये कार्य अनुभव प्रमाण पत्र जो कि "Construction of Nyati Plaza and Nyati Enthral I & II at Village Kharadi, Pune " कार्य में Electrical HT कार्य का अनुभव अंकित नहीं पाया गया। अतः इन्हें तकनीकी बीड मूल्यांकन में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाया।

तृतीय निविदाकार **TRICON INFRA BUILDTECH PVT. LTD., 2S3, INDRAYU MALL, KONARK POORAM, KONDHWA KHURD, PUNE-411048** द्वारा आमंत्रित निविदा के Technical eligibility criteria की कंडिका-7(c)(i) & (ii) के अंतर्गत मांगे गये समान प्रकृति के कार्य अनुभव हेतु समर्पित किये गये कार्य अनुभव प्रमाण पत्र जो कि "Designing & Construction of RCC, Core & shell, Finishing Work, MEP Work, Allied Development

Work, Complete EPC Work" कार्य में Electrical HT & LT works, HVAC/VRF, Lifts, Fire Fighting, Plumbing, WTP, STP, Sewerage कार्य का अनुभव अंकित नहीं पाया गया। साथ ही संलग्न अनुभव प्रमाण-पत्र निविदा में दिये गये प्रावधान के अंतर्गत सक्षम प्राधिकार से Evaluated and Certified नहीं पाया गया। आमंत्रित निविदा के Technical eligibility criteria की कंडिका-7(c)(iii) के अंतर्गत मांगे गये परामर्शी हेतु समर्पित किये गये अभिलेख में परामर्शी के कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं पाया गया। आमंत्रित निविदा के Technical eligibility criteria की कंडिका-7(c)(iv) के अंतर्गत मांगे गये Specialised Work हेतु MOU संलग्न पाया गया, परन्तु विद्युत संबंधी लाईसेंस एवं कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं पाया गया। आमंत्रित निविदा के Technical eligibility criteria की कंडिका-7(d) के अंतर्गत मांगे गये Solvency Certificat हेतु समर्पित प्रमाण-पत्र में 78.00 करोड़ मात्र का प्रमाण-पत्र दो अद्द बैंक निर्गत संलग्न पाया गया, जो कि न्यूनतम वांछित अर्हता को पूर्ण नहीं करते हैं। आमंत्रित निविदा के Technical eligibility criteria की कंडिका-7(e) के अंतर्गत मांगे गये 10 % Bank credit facility हेतु तीन अद्द बैंक का प्रमाण-पत्र संलग्न पाया गया। प्रथम प्रमाण-पत्र एस0बी0आई0 द्वारा दिनांक 29.04.2026 को निर्गत है जिसमें ₹22.00 करोड़ Cash Credit एवं ₹18.00 करोड़ बैंकं गारंटी के द्वारा Overdraft/Credit facility दिया गया है। द्वितीय प्रमाण-पत्र सी0एस0बी0 बैंक द्वारा निर्गत है जिसमें ₹17.00 करोड़ Cash Credit एवं ₹28.50 करोड़ बैंक गारंटी के द्वारा Overdraft/Credit facility दिया गया है। तृतीय प्रमाण-पत्र एच0डी0एफ0सी0 बैंक द्वारा दिनांक 12.05.2026 को निर्गत है जिसमें ₹2.00 करोड़ Cash Credit एवं ₹18.00 करोड़ बैंक गारंटी के द्वारा Overdraft/Credit facility दिया गया है। परन्तु उक्त तीनों बैंक प्रमाण-पत्र में आमंत्रित निविदा के कार्य का नाम अंकित नहीं पाया गया। आमंत्रित निविदा के Technical eligibility criteria की कंडिका-7(h) के अंतर्गत मांगे गये Litigation हेतु कोई शपथ-पत्र संलग्न नहीं पाया गया। आमंत्रित निविदा के Technical eligibility criteria के अंतर्गत मांगे गये Labour Rules & Regulation हेतु कोई शपथ-पत्र संलग्न नहीं पाया गया। अतः इन्हें तकनीकी बीड में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाया।

14. **दिनांक 28.07.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-**

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा प्रथमवार आमंत्रित निविदा में कोई भी निविदाकार तकनीकी बीड में सफल नहीं होने के कारण सर्वसम्मति से आमंत्रित को रद्द करने की अनुशंसा के साथ सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय लिया गया।

15. **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

Construction of Bihar Bhawan, Mumbai (Engineering Procurement and Construction Basis) कार्य के आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड अभिलेखों के मूल्यांकन पर आहूत दिनांक 28.07.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7/8/26 | 07/08/26 | 7/8/26 | 7/8/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (मनोज कुमार सिंह)<br>मुख्य अभियंता(संरचना)<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भ0नि0वि0, पटना | (प्रणव कुमार)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना |

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(पटना)यो0प्राक0-1-27/2025 11. पटना, दिनांक- 7/8/2026

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

07/08/26

(मनोज कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता(संरचना),
भवन निर्माण विभाग, पटना